सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-254**
24/05/2018

वयोवृद्ध स्वतंत्रता सेनानी जयराम प्रसाद सिंह के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की

पटना, 24 मई 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने ग्राम+पो0– सहवाजपुर, प्रखण्ड– अस्थावां, जिला– नालंदा के वयोवृद्ध स्वतंत्रता सेनानी जयराम प्रसाद सिंह के निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुये गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की।

अपने शोक–संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में उनका अहम योगदान था, जिसे भुलाया नहीं जा सकता। उनके निधन से बिहार को अपूरणीय क्षति हुयी है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों, अनुयायियों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******